दिनांक 24.08.2022 को सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, सुपौल की अध्यक्षता में गुणवत्ता यकीन कार्यक्रम के तहत सदर अस्पताल, सुपौल के समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही प्रतिवेदनः–

उपस्थितिः– पंजी के अनुसार

सर्वप्रथम सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव के द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारीगण का स्वागत किया गया। महोदय के द्वारा PPT के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी। विमर्शोपरांत निम्नलिखित निर्णय लिये गये।

- अस्पताल परिसर में आवारा पशुओं का यत्र–तत्र पाया जाना गंभीर दुर्घटना एवं संक्रमण को आमंत्रण दे सकता है। परिसर के द्वार पर कैटल ट्रैप लगाना सुनिश्चित करें।
- अस्पताल भवन के अंदर दो पहिया वाहन का यत्र–तत्र पाये जाने पर सिविल सर्जन महोदय के द्वारा घोर नाराजगी व्यक्त की गयी, तथा सख्ती से इसको रोकने हेतु जल्द उपाय करने को कहा गया। ऐसे कर्मी को चिन्हित कर अर्थदंड लगाने का आदेश दिया गया, साथ ही पार्किंग व्यवस्था को जल्द दुरूस्त किया जाय।
- भवन के अंदर इलेक्ट्रिक वायरिंग की खराब व्यवस्था गंभीर दुर्घटना को आमंत्रण दे सकती है। अस्पताल में पाये जाने वाले सभी तरह के लूज हैंगिंग वायर की समुचित मरम्मत की व्यवस्था की जाय।
- जिला योजना समन्वयक के द्वारा बताया गया कि साफ–सफाई की व्यवस्था बहुत ही लचर है। सिविल सर्जन महोदय के द्वारा निदेशित किया गया कि अस्पताल के बाहरी परिसर को 15 दिनों तथा भवन के वैसे कमरे जिनका उपयोग नहीं किया जा रहा है, तथा अन्य विभाग यथा– प्रसव कक्ष, इमरजेंसी, आई0पी0डी0 वार्ड नियमित एवं दिन में तीन बार सफाई करेंगे, साथ ही उपयोग में आने वाले सभी उपस्कर का नियमित नियमानुकुल सफाई करना सुनिश्चित करेंगे। इसका निरीक्षण समय–समय पर अस्पताल प्रबंधक/उपाधीक्षक के साथ–साथ ऑउटसोर्स एजेंसी के प्रतिनिधि अपने स्तर से करेंगे। वरीय पदाधिकारियों के निरीक्षण में कमी पायी जाती है तो विपत्र में कटौती की जाएगी।
- अस्पताल के कॉरीडोर वार्ड में Junk/Condemened वस्तुओं का पाया जाना लापरवाही का धोतक है। महोदय के द्वारा निदेशित किया गया कि स्थान चिन्हित कर ऐसे सभी वस्तुओं जो उपयोग में ना हो या खराब अवस्था में हो, को रखना सुनिश्चित करेंगे।
- जिला सलाहकार गुणवत्ता यकीन के द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य संस्थान में विहित प्रकिया के अनुसार जैव चिकित्सकीय अपशिष्ट का समुचित पृथीकरण नहीं किया जा रहा है एवं अपशिष्ट के संग्रहण हेतु BINS/Bucket का अभाव है। महोदय के द्वारा निदेश दिया गया कि सभी विभागों को BINS/Bucket उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे, तथा समय–समय पर इसकी निगरानी अस्पताल एवं जिले के पदाधिकारियों के द्वारा किया जाय।
- भवन के बहुत से विभागों का खिड़कियां एवं दरवाजे जर्जर अवस्था में पाया गया। इनकी मरम्मत एवं खिड़कियों में शीशे लगाने हेतु निदेशित किया गया, साथ ही समय–समय पर अस्पताल के द्वारा निश्चित समयावधि पर भवन के कमरे, खिडकियां, दिवार का आंतरिक मूल्यांकन किया जाय एवं जिनको मरम्मत की जरूरत है, उनको मरम्मत किया जाय।
- खाली जगहों का उपयोग डंपिंग ग्राउंड के रूप में ना किया जाय, अपितु वहां औषधिय वृक्ष लगाकर अस्पताल परिसर का सौंदर्यीकरण किया जाय, एवं ऐसे नाले जो खुले हो, उनकी साफ–सफाई साप्ताहिक किया जाय।
- अस्पताल परिसर में यत्र–तत्र थुका जाना गंभीर विषय है। सर्वप्रथम ऐसे जगहों को चिन्हित कर सफाई की जाय, तथा IEC के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाय, एवं सुरक्षा प्रहरी की जिम्मेवारी होगी की वे इसका ध्यान रखे।

329

- प्रसव कक्ष के लिए अलग Duty roster बनाया जाय, तथा विभाग से इतर इनको अन्यत्र कार्य नही लिया जाय। रोस्टर तैयार करने हेतु इनका Skill Test को आधार बनाया जाय, तथा उनमें से सर्वोत्तम से ही LR/OT में कार्य लिया जाय।
- अस्पताल में जितने भी कमिटी है यथा--DQT, Death audit committee etc का नियमित अंतराल पर बैठक किया जाय एवं बैठक की प्रतिवेदन अचूक रूप से अधोहस्ताक्षरी कार्यलय को उपलब्ध करावें।
- महोदय के द्वारा निदेशित किया गया कि उपाधीक्षक सप्तेह में दो बार तथा अस्पताल प्रबंधक प्रतिदिन अस्पताल के सभी विभागों का निरीक्षण करेंगे एवं पायी गयी कमियों का संबंधित कर्मियों के साथ बैठकर निराकरण करेंगे।
- एम्बुलेंस परिचालन पदाधिकारी को निदेशित किया जाता है कि सभी पात्र लाभार्थी को एम्बुलेंस की सेवा निर्वाध रूप से उपलब्ध करायेंगे, साथ ही अपने स्तर से अनुश्रवण करेंगे।
- अंत में सिविल सर्जन महोदय के द्वारा यह निदेश दिया गया कि जिला स्वास्थ्य समिति के पदाधिकारी संयुक्त रूप से चिन्हित स्वास्थ्य संस्थान का 15 दिनों पर भ्रमण करेंगे तथा विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे।

अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

29/8/22 29/8/22 29/8/22

सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव,
जिला स्वास्थ्य समिति, सुपौल।

ज्ञापांक 712 (DHS) सुपौल, दिनांक 29/08/2022।

प्रतिलिपि :– मो0 जकरिया, ऑउटसोर्स एजेंसी के प्रतिनिधि एवं सुपरवाईजर, निजी सुरक्षा प्रहरी को अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– अस्पताल प्रबंधक/उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, सुपौल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, QA, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वा0 सेवाऐं, कोशी प्रमंडल, सहरसा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिलाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, सुपौल को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

29/8/22

सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव,
जिला स्वास्थ्य समिति, सुपौल।

29/8/22 29/8/22